By-hand

# बिहार सरकार
## शिक्षा विभाग
## बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति

पत्रांक–म0 भो०/को०– 372 / 2013 /........................ पटना, दिनांक : ......................

### कार्यालय आदेश

बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति के पत्रांक : 1896 दिनांक : 12.07.2013 के आलोक में बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति कर्मियों के मानदेय में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर प्रतिवर्ष 01 जून से मासिक मानदेय में वृद्धि किया जाना है। प्रखण्ड साधन सेवी तथा मुख्यालय में पदस्थापित नवनियोजित सहायक कार्यक्रम समन्वयक, श्री रमेश प्रसाद, श्री अखिलेश कुमार रंजन, पोषाहार विशेषज्ञ श्रीमती प्रगति तथा कार्यालय सहायक श्री अभिषेक कुमार, श्री दीपक कुमार, श्री संतोष कुमार चन्द्रवंशी तथा श्री आनन्द कुमार राय के अलावे जिला तथा प्रखंड में पदस्थापित सभी जिला साधन सेवी एवं प्रखंड साधन सेवियों के मानदेय में दिनांक 01.06.2014 के प्रभाव से यह वृद्धि की जा सकती है। मुख्यालय तथा जिला में पदस्थापित बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति के अन्य पदाधिकारी/ कर्मी के मामले में यह वृद्धि 01 जून, 2013 से देय है।

2 भारतीय सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा दिनांक : 13 मई, 2013 को निर्गत पत्र के अनुसार अप्रैल, 2013 में ग्रामीण तथा शहरी मूल्य वृद्धि के आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 9.39 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति अन्तर्गत राज्य मुख्यालय तथा जिला मध्याह्न भोजन योजना कार्यालय में कार्यरत सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मासिक मानदेय में दिनांक : 01.06.2013 के प्रभाव से 9.39 % की वृद्धि निम्नवत स्वीकृत की जाती है:–

2 (i)

| क्र0 | पद का नाम तथा पदस्थापन स्थान | निदेशालय के पत्रांक– 1896 दिनांक–12.07.13 की कंडिका–03 (i) 01 जनवरी, 2013 को मासिक मानदेय। | 30 मई, 2013 को मासिक मानदेय (Basic) | 01 जून, 2013 से महँगाई में 9.39% वृद्धि के बाद निर्धारित मानदेय के अतिरिक्त देय राशि (D.A.) | अन्य भत्ता | 01 जून 2013 से कुल भुगतेय राशि मानदेय + महँगाई भत्ता +अन्य भत्ता (कॉलम 4+कॉलम 5+कॉलम 6) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | डाटा ऑफिसर सह सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर / मुख्यालय | | 24000.00 | 2254.00 | 1850.00 | 28104.00 |
| 2 | लेखा पदाधिकारी / मुख्यालय | | 24000.00 | 2254.00 | 1850.00 | 28104.00 |
| 3 | सहायक कार्यक्रम समन्वयक / मुख्यालय (मो0 मुजतबा एवं श्रीमति संगीता गिरि) | 22000.00 | 22000.00 | 2066.00 | 1850.00 | 25916.00 |
| 4 | लेखापाल / मुख्यालय | | 14000.00 | 1316.00 | 1700.00 | 17015.00 |
| 5 | कम्प्यूटर ऑपरेटर / मुख्यालय | | 9000.00 | 845.00 | 1500.00 | 11345.00 |
| 6 | आदेशपाल / मुख्यालय | | 4500.00 | 423.00 | 500.00 | 5423.00 |

| क्र0 | पद का नाम तथा पदस्थापन स्थान | 30 मई, 2013 को मासिक मानदेय (Basic) | 01 जून, 2013 से महँगाई में 9.39% वृद्धि के बाद निर्धारित मानदेय के अतिरिक्त देय राशि (D.A.) | 01 जून 2013 से कुल भुगतेय राशि मानदेय + महँगाई भत्ता (कॉलम 3 + कॉलम 4) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जिला कार्यक्रम समन्वयक / जिला कार्यालय | 11000.00 | 1033.00 | 12033.00 |
| 2 | लेखापाल सह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर / जिला कार्यालय | 7500.00 | 704.00 | 8204.00 |
| 3 | लेखापाल / जिला कार्यालय (जिनकी सेवा दिनांक 30.06.13 को लेखापाल के पद पर एक वर्ष हो गई है।) | 11000.00 | 1033.00 | 12033.00 |

(3) उपर्युक्त कंडिका–02 के अनुसार बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति अन्तर्गत विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मियों के भुगतेय राशि में माह 01 जून, 2013 के भूतलक्षी प्रभाव से वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

ह०/–
**(आर० लक्ष्मणन)**
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : ..................... दिनांक : .........................

प्रतिलिपि – मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय एवं बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
**(आर० लक्ष्मणन)**
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 2854 दिनांक : 18-12-13

प्रतिलिपि – सभी मध्याह्न भोजन योजना प्रभारी पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18.12
**(आर० लक्ष्मणन)**
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना
बिहार, पटना।